www.sgbauonline.com



**B.A. (Part–II) Examination**
**HINDI (Literature)**
**(Optional Subject)**

समय : 3 घंटा] [पूर्णांक : 100

1. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिये : 20

(अ) सिद्धि-हेतु स्वामी गये, यह गौरव की बात;
पर चोरी-चोरी गये, यही बड़ा व्याघात।
सखि, वे मुझसे कहकर जाते,
कह, तो क्या मुझको वे अपनी पथ-बाधा ही पाते
मुझको बहुत उन्होंने माना,
फिर भी क्या पूरा पहचाना ?
मैंने मुख्य उसी को जाना,
जो वे मन में लाते।
सखि, वे मुझसे कहकर जाते।

अथवा



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

सुन्दर और असुन्दर जग में मैंने क्या न सराहा,
इतनी ममतामय दुनिया में मैं केवल अनचाहा,
देखूँ अब किस की रुकती है जा मुझपर अभिलाषा,
तुम रख लो मेरा मान अमर हो जाए।
तुम गा दो मेरा गान अमर हो जाए !
दुख से जीवन बीता फिर भी शेष अभी कुछ रहता,
जीवन की अन्तिम घड़ियों में भी तुमसे यह कहता,
सुख की एक साँस पर होता है अमरत्व निछावर,
तुम छू दो मेरा प्राण अमर हो जाए।
तुम गा दो, मेरा गान अमर हो जाए।

(आ) किन्तु हम हैं दीप।
हम धारा नहीं हैं।
स्थिर समर्पण है हमारा। हम सदा से द्वीप है स्रोतस्विनी के
किन्तु हम बहते नहीं हैं। क्योंकि बहना रेत होना है।
हम बहेंगे तो रहेंगे ही नहीं।
पैर उखड़ेंगे प्लवन होगा ढहेंगे। बह जायेंगे।
और फिर हम चूर्ण हो कर भी कभी क्या धार बन सकते ?
रेत बन कर हम सलिल को तनिक गँदला ही करेंगे।
अनुपयोगी ही बनायेंगे।

**अथवा**



(घ) **हिन्दी साहित्य के इतिहास से :**

(1) कबीर के गुरु का नाम .......... है।
(वल्लभाचार्य, रामानंद, नरहरीदास)

(2) रहीम के ................. प्रसिद्ध हैं।
(पदावली, दोहा, बरवै)

(3) 'पायोजी मैंने राम रतन धन पायो' किस की पंक्ति है ?

(4) हालावाद के प्रवर्तक हैं ..................
(हरिवंशराय बच्चन, धूमिल, अज्ञेय)

(5) कनक-कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय।
या खाये बौराये नर, बा पाये बौराये।।
किस प्रसिद्ध कवि की पंक्तियाँ है?
(रहीम, बिहारी, कबीर)



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(ख) **कोणार्क से :**

(1) विशु का नाम ................ था।

(रत्नाकर, प्रभाकर, श्रीधर)

(2) उत्कल के महामात्य का नाम था ?

(3) विशु की प्रेमिका का नाम क्या था ?

(4) विशु ने उपहार में मिली रत्नमाला किसे पहनायी ?

(5) धर्मपद आशुशिल्पी था। (सत्य/असत्य)

(ग) **कलापूर्ण एकांकी से :-**

(1) श्रीधर .............. एकांकी का पात्र है।

(2) 'प्रतिशोध' एकांकी का कथा सूत्र ......... के हाथ में है। (श्रीधर, भारवि, सुशीला)

(3) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी की नायिका .......... है।

(सुशीला, शारदा, उमा)

(4) डॉ. रामकुमार वर्मा लिखित एकांकी का नाम बतलाइये।

(5) "क्या वे बेबस भेड़ बकरियाँ हैं जिन्हें अच्छी तरह देखभाल कर खरीदते हैं ?" किसका कथन है ?



नवगति नव लय ताल छन्द नव
नवल कंठ नव जलद मंद्र रव
नव नभ के नव विहंग वृन्द को
नव पर नव स्वर दे।
वर दे वीणा वादिनी वर दे, वर दे !

2. निम्नलिखित अवतरण की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 10

अपने नये स्वामी के पास यह अंगारों भरा संदेश ले जाओ कि कलिंग-नरेश श्री नरसिंह देव महाराज अत्याचारी, विश्वासघातियों की धमकियों की चिन्ता नहीं करते। वे आज अकेले नहीं हैं, आज उनके पीछे वह शक्ति है, जिससे धरती भर्रा उठेगी, दीन-निर्धन प्रजा की शक्ति, जो कोणार्क के शिल्पियों और मजदूरों में दुर्दम सेनाओं का बल भर देगी। कोणार्क का मन्दिर आज दुर्ग का काम देगा। जाओ, हमें चुनौती स्वीकार है।

**अथवा**

क्षितिज पर सवेरे की अरुणिमा की भाँति, तेजस्वी सूर्यदेव का मादक स्वरूप, कुंती के मानस-गगन के छोर पर खिंच गया। और फिर ? -जैसे पूर्व दिशा की लालिमा, मध्यान्ह का जगमगाता और प्रचंड ताप बन जाती हैं, ठीक वैसे ही दोनों



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

का अनुराग, एक उत्तप्त और विश्वव्यापी विलास बन गया। कोणार्क की युगल मूर्तियों में वही विलास बिखरा पड़ा है – उद्दाम यौवन का वेग, उत्तान शृंगार का उल्लास।........ और फिर –

3. धूमिल के 'मोचीराम' कविता का मर्म रेखांकित कीजिए। 10

**अथवा**

जयशंकर प्रसाद की कविताओं का भाव सौंदर्य सोदाहरण लिखिए।

4. 'विशु' का चरित्र-चित्रण कीजिए। 10

**अथवा**

नाटक के तत्वों के आधार पर कोणार्क की समीक्षा कीजिए।

5. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिये :- 20

(क) "और वह जा न सकी" यह एकांकी का नारी भावुकता की सशक्त अभिव्यक्ति है। स्पष्ट कीजिए।

(ख) स्ट्राईक एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में नारी मुक्ति का स्वर प्रमुख है। तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए।

(घ) 'प्रतिशोध' एकांकी में कौन-सा संदेश दिया गया है ?

(ङ) "अहंकार उन्नति में बाधक है" इस वाक्य की सार्थकता एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(च) 'रीढ की हड्डी' एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(छ) सेठ छीतरमल के दोगलेपन को उजागर कीजिए।

6. रीतिकाल की काव्यगत विशेषताएं विशद कीजिए। 10

**अथवा**

निर्गुण संत काव्य का परिचय देते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिये।

7. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ एवं अति लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिये निर्देशों के अनुसार लिखिये। 20

(क) **काव्य कलश से :**

(1) झरना किसकी रचना है ?

(2) निराला को मुक्तक छंद का निर्माता कहा जाता है। (सत्य/असत्य)

(3) 'संसद से सड़क तक' धूमिल की रचना है। (सत्य/असत्य)

(4) "बैर कराते मंदिर मस्जिद, मेल कराती मधुशाला' किसकी पंक्तियाँ हैं ?

(निराला, हरिवंशराय, जयशंकर प्रसाद)

(5) 'शेखर : एक जीवनी' ...... इनकी रचना है।





www.sgbauonline.com